KANWHIZZ TIMES, LUCKNOW
Thursday, October 10, 2013

आईटी हब बनेगा लखनऊ : प्रो. मिश्रा

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के प्रेक्षागृह में आयोजित टीसीएस आईटी विज प्रतियोगिता में 1300 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी के गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान प्रेक्षागृह में बुधवार को टीसीएस आईटी विज का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के विभिन्न विद्यालयों व शिक्षण संस्थानों के 1300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। देश के इस सबसे बड़े आईटी विज का आयोजन टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज व बिजनेस साल्यूशन एवं आउटसोर्सिंग फर्म द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उल्लेखनीय है कि टीसीएस आईटी विज के क्षेत्रीय दौर का आयोजन देश भर में 14 स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। इस विज प्रतियोगिता में लखनऊ के अलावा इलाहाबाद, देहरादून, कानपुर, नैनीताल, वाराणसी, रायबरेली, मुरादाबाद, अमेठी, फैजाबाद सहित आदि प्रमुख शहरों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस क्रम में छह स्कूल क्षेत्रीय फाइनल में पहुंचे। जिसमें लखनऊ पब्लिक स्कूल के लुइस पांडेय व वरुण सिंह अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सेंट फिडेलिस कॉलेज के अंकित व मोहम्मद हमजा को पराजित करते हुए विजेता बनें। विजेताओं को आईपैड व दूसरे स्थान पर आए प्रतिभागियों को गैलक्सी टैबलेट के अलावा विशेष रूप से निर्मित की गई विजेता व उपविजेता ट्रॉफी से पुरस्कृत किया गया। विजई टीम अब उप्र व उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए मेगा फाइनल में स्मार्टा टेक विजर्ड-2013 शीर्षक के लिए प्रतिस्पर्धा में उतरेगी।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विज्ञान व प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री प्रोफेसर अभिषेक मिश्र व कृषि उत्पादन आयुक्त व ढांचागत व औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक रंजन ने विज प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की। साथ ही दोनों आगंतुकों ने दिन-प्रतिदिन लखनऊ में हो रहे तमाम विकास पहलुओं की भी चर्चा की। इन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह बहुत अच्छा प्रयास है कि लखनऊ आगामी दिनों में आईटी हब के तौर पर विकसित होगा। बाद में टीसीएस लखनऊ के रीजनल हेड जयंत कृष्णा ने सभी मेहमानों व प्रतिभागियों का आभार प्रकट किया।